तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, शुक्रवार 20 जून 2025

11 जून का आधा माह बीत चुका, अभी तक हजारों उपभोक्ताओं...



12 शिक्षित और संगठित हो समाज : पूर्व सीएम बघेल





प्रवेश प्रारंभ
BCA
PGDCA | DCA
B.P.Ed. | B.P.E.
PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर

# कृषि विभाग का दावा, पर्याप्त बीज-खाद का भंडारण, लेकिन किसान अब भी भटक रहे

## कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश, 5 दुकानों पर हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

एक ओर कृषि विभाग दावा कर रहा है कि जिले में खरीफ सीजन के लिए पर्याप्त मात्रा में धान बीज और रासायनिक उर्वरक का भंडारण है, वहीं जमीनी हकीकत इससे अलग नजर आ रही है। किसान अभी भी खाद, बीज और उर्वरक के लिए सहकारी समितियों और दुकानों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। कलेक्टर बीएस उईके ने जिले में उर्वरक की कालाबाजारी और अवैध बिक्री रोकने सख्त निर्देश दिए थे। इसके बाद कृषि उपसंचालक चंदन कुमार रॉय के मार्गदर्शन में गठित निरीक्षण दल ने बुधवार को मैनपुर और देवभोग के उर्वरक विक्रय केन्द्रों पर छापामारी की। जांच के दौरान अमलीपदर स्थित कैलाश कृषि केन्द्र और आद्या कृषि केन्द्र सहित कुल 5 दुकानों पर मूल्य सूची नहीं लगाने, पीओएस मशीन का उपयोग नहीं करने और बिना बिल के बिक्री जैसे गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। इन प्रतिष्ठानों पर उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के तहत कार्यवाही की गई है और उन्हें जवाब देने के लिए 3 दिन का नोटिस जारी किया गया है। कागजों में व्यवस्था दुरुस्त, पर किसानों की हालत खराब- कृषि विभाग के अनुसार जिले में कुल 17,500 क्विंटल धान बीज और 19,299 मीट्रिक टन रासायनिक उर्वरक का भंडारण किया गया है, जिनमें से अब तक 12,100 क्विंटल बीज और 13,389 मीट्रिक टन उर्वरक का वितरण हो चुका है। उप संचालक ने अमलीपदर, उरमाल, भेजीपदर और खोखमा समितियों का निरीक्षण कर बीज उत्पादन बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।



### सोसायटी में बीज नहीं, बाजार में महंगा



दावा किया जा रहा है कि सोसायटियों में बीज-खाद भरपूर है, लेकिन जमीनी सच्चाई ये है कि किसान खाद और बीज के लिए भटक रहे हैं। कई क्षेत्रों में सोसायटी में स्टॉक खत्म हो चुका है, और व्यापारी मनमाने दाम पर उर्वरक और बीज बेच रहे हैं। कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे केवल अधिकृत विक्रेताओं से निर्धारित दर पर ही बीज और उर्वरक लें और हमेशा पक्का बिल प्राप्त करें। कोई भी विक्रेता अधिक कीमत वसूलता है तो इसकी शिकायत वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी या उपसंचालक कृषि कार्यालय में की जाए।

## खबर संक्षेप



### सिरकट्टी स्कूल में प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**फिंगेश्वर।** गुरुकुल विद्यालय सिरकट्टी आश्रम कुटेना में शाला प्रवेश उत्सव बच्चों को तिलक लगाकर मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर संयोजक भुनेश्वर साहू ने कहा कि सभी बच्चे शाला समय पर कक्षाओं मे उपस्थित रहे। मन लगाकर अध्ययन करें। गुरूकुल विद्यालय के नियमों के तहत अनुशासन बनाकर एक आदर्श छात्र के रूप में अपनी पहचान बनावे। विद्यालय में शिक्षकों के द्वारा दिए गए होम वर्क को नियमित हल करें। स्वच्छता का ख्याल रखे। जिन बच्चों की लिखावट अच्छी न हो ऐसे बच्चे इमला के तहत रफ कापी में रोजाना लिखने का अभ्यास करें जिससे उनकी राईटिंग निश्चित ही सुधर जावेगी। इस अवसर पर महामंडलेश्वर गोवर्धन शरण ब्यास, शिक्षक कुमान ध्रुव, नंदकुमार यादव सहित गुरूकुल के शिक्षक उपस्थित थे। सभी लोगों ने शाला प्रवेशोत्सव की सभी को बधाई दी।

### जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव आज

**गरियाबंद।** नवीन शिक्षा सत्र 2025-26 के तहत जिला स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार 20 जून को सुबह 9 बजे से पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय, गरियाबंद में किया जाएगा। इस कार्यक्रम में महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद रुपकुमारी चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजिम विधायक रोहित साहू करेंगे, जबकि बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक राम ध्रुव विशेष अतिथि होंगे। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि अनिल चंद्राकर, नगर पालिका अध्यक्ष रिखी राम यादव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर, जनपद अध्यक्ष सोहन ध्रुव, नगर पालिका उपाध्यक्ष आसिफ मेमन और जनपद उपाध्यक्ष लेखराम साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे।

### युवक के साथ मारपीट

**महासमुंद।** एक युवक के साथ तीन लोगों ने मारपीट कर दी। प्रार्थी खेमराज बरिहा गड़बेड़ा चांदापारा ने पिथौरा पुलिस को बताया कि वह 17 जून की रात 11 बजे पेट्रोल पंप गया था। पेट्रोल लेने के बाद वह करण ध्रुव के साथ जामपाली पेट्रोल पंप में बैठा था। रात करीब 1.30 बजे लगभग 1.30 बजे चांदापारा पडाव ग्राम गड़बेड़ा में बैठ कर बातचीत कर रहे थे, तभी बातों-बातों में यश कुमार यादव, करण ध्रुव एवं एक अन्य उसके साथ मारपीट करने लगे और गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है।

### शादी में नाचने के दौरान विवाद, मारपीट

**महासमुंद।** जोगनीपाली में शादी के दौरान नाच रहे एक व्यक्ति के साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर दी। पुलिस को उगेश्वर कश्यप ग्राम जोगनीपानी नेबताया कि 15 जून की रात्रि 10 बजे वह गांव में ही अपने चाचा कृपाराम कश्यप के घर में भाई की शादी में बने मड़वा में नाच रहा था।

## अनदेखी : चिन्हित जमीन पर बना दिया गया ऑक्सीजोन, वन विभाग के कार्य से ठप हुई कार्य योजना

# जिले को आज भी बस स्टैंड का इंतजार

# 13 साल बाद अधूरी हैं बुनियादी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

■ शासन ने राशि वापस ली, सपना फिर अधूरा


जिले के गठन को 13 साल गुजर गए, मगर जिला मुख्यालय वाले नगर में अब तक एक सर्व-सुविधायुक्त बस स्टैंड का निर्माण नहीं हो सका है। इस बुनियादी जरूरत की अनदेखी के चलते न सिर्फ यात्रियों को असुविधा झेलनी पड़ रही है, बल्कि सड़क किनारे बेतरतीब खड़े वाहनों की वजह से आए दिन हादसों की आशंका भी बनी रहती है। नगर में फिलहाल कोई समुचित बस स्टैंड नहीं है। यात्री बसों से लेकर चार पहिया, ऑटो और अन्य वाहन एक ही छोटी सी जगह पर खड़े रहते हैं। इससे ट्रैफिक व्यवस्था चरमराई रहती है। वैकल्पिक तौर पर जो स्थान बस स्टैंड के रूप में उपयोग हो रहा है, वहां न प्रतीक्षालय है, न प्रसाधन की सुविधा। ऐसे में यात्री खुले आसमान के नीचे असुविधा के बीच सफर करने को मजबूर हैं।

जिला मुख्यालय होने के चलते यहां हर दिन हजारों की संख्या ▶▶|शेष पेज 10 पर



### 50.28 लाख की मंजूरी, फिर भी नहीं बन पाया बस स्टैंड

वर्ष 2023-24 में शासन ने अधोसंरचना मद से गरियाबंद में सर्व-सुविधायुक्त बस स्टैंड निर्माण के लिए 50.28 लाख रुपए स्वीकृत किए थे। नगर पालिका ने जिला पंचायत कार्यालय के सामने खाली पड़ी शासकीय भूमि को चिन्हित किया था। लेकिन इसी स्थान पर वन विभाग द्वारा ऑक्सीजोन का निर्माण कर दिया गया, जिससे बस स्टैंड निर्माण की योजना ठंडे बस्ते में चली गई।



# युक्तियुक्तकरण में 110 छात्रों पर मिले 2 शिक्षक से आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

■ स्कूल में तालाबंदी की चेतावनी

ग्राम पंचायत कुडेरादादर के शासकीय प्राथमिक शाला में शिक्षकों की कमी कई वर्षों से बनी हुई है, जिससे शिक्षण कार्य केवल खानापूर्ति बनकर रह गया है। इस सत्र (2024-25) में स्कूल में छात्रों की दर्ज संख्या 110 है, जिसके और बढ़ने की संभावना है। बावजूद इसके, स्कूल में शिक्षकों की भारी कमी है। स्कूल के प्रधानपाठक गोवर्धन यदु, जनपद सदस्य विमला नागेश, सरपंच तुलेश्वर ध्रुव, उपसरपंच गुलाब मरकाम, ग्राम प्रमुख नारायण सिंह ठाकुर, केजूराम ध्रुव, भीखम साहू, घनश्याम साहू, झवर अग्रवाल, शिवदास मानिकपुरी, सेवक राम साहू सहित जनभागीदारी समिति के सदस्य और पालकगणों ने बताया कि छात्रों की बढ़ती संख्या को देखते हुए पिछले वर्ष समीपस्थ विद्यालय, प्राथमिक शाला सुरगपानी से सहायक शिक्षक बालमुकुंद साहू को कुडेरादादर प्राथमिक शाला में अध्यापन कार्य के लिए व्यवस्था की गई थी। हालांकि, अब बालमुकुंद साहू को अतिशेष श्रेणी में युक्तियुक्तकरण के तहत शासकीय प्राथमिक शाला भूतबेडा, विकासखंड मैनपुर में समायोजित कर दिया गया है। इस स्थानांतरण से कुडेरादादर स्कूल में शिक्षकों की कमी और भी गंभीर हो गई है, जिससे ग्रामीणों और पालकों में अत्यधिक आक्रोश है।

**तालाबंदी की चेतावनी-** ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने शिक्षकों की व्यवस्था के लिए कई बार लिखित और मौखिक रूप से उच्च अधिकारियों को अवगत कराया है, लेकिन अभी तक कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला है। इस स्थिति को देखते हुए, 16 जून को शाला प्रबंधन समिति, जनपद सदस्य, सरपंच, पालकगण और ग्राम प्रमुख ने जिला शिक्षा अधिकारी, गरियाबंद को लिखित आवेदन दिया है। इस आवेदन में चेतावनी दी गई है कि यदि शिक्षक की व्यवस्था नहीं की गई, तो स्कूल में तालाबंदी की स्थिति निर्मित होगी, जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। नियमों के अनुसार, 90 छात्रों पर दो शिक्षक होने चाहिए, जबकि यहां 110 छात्रों पर केवल एक ही शिक्षक रह गया है। ग्रामीणों ने जोर देकर कहा कि इस स्कूल से क्षेत्र के लोगों की भावनाएं जुड़ी हैं और शासन द्वारा गलत तरीके से किए गए युक्तियुक्तकरण का विरोध स्वरूप वे तालाबंदी करने को मजबूर होंगे।

# विधायक साहू ने सुनी आम लोगों की समस्याएं, अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



गुरुवार को विधायक इंद्रकुमार साहू ने जनसंपर्क कार्यालय में आम लोगों की समस्याएं सुनी। उन्होंने उपस्थित सभी नगर वासियों से रूबरू होते हुए प्राप्त आवेदनों पर संबंधित अधिकारियों को अतिशीघ्र निदान के लिए आदेश दिए। इस दौरान ग्राम पंचायत पारागांव, कोलियारी, तर्री के ग्रामवासी विधायक श्री साहू को विभिन्न समस्या के निदान के लिए आवेदन दिया। इसके अलावा श्रमकार्ड, कृषि उपज मण्डी से संबंधित आवेदन पत्र प्राप्त हुआ। जिस पर उचित कार्रवाई के लिए संबंधित विभाग मेंप्रेषित किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, सरपंच संघ के जिला अध्यक्ष मुकेश ढीढी, पार्षद गण रवि साहू, पूजा कंसारी, धीरज साहू, अशोक गंगवाल, सिंटू सौरभ जैन, फूलजी साहू, भोलाराम चक्रधारी, मुकुंद मेश्राम, पीयूष गोलछा, कैलाश तिवारी, मायाराम साहू, उकेंद्र साहू, रोहित साहू, सुमित सिन्हा, अंबे कंसारी, चंपारण मंडल अध्यक्ष तोशन साहू, प्रेम साधवानी, भाजपा महिला मोर्चा के नेत्री साधना सौरज, योगिता सिन्हा, धनमती साहू, हर्षा कंसारी, कार्यालय प्रभारी शरद चोपकर सहित बड़ी संख्या में नागरिक गण मौजूद थे।

# टीआई को हटा दो, शहर शांत हो जाएगा : व्यापारी संघ





हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

■ नवापारा-राजिम में व्यापारियों, नागरिकों और जनप्रतिनिधियों का फूटा गुस्सा

नवापारा टीआई के कथित ढुलमुल रवैये और शहर में बढ़ती आपराधिक गतिविधियों से नाराज व्यापारियों, गणमान्य नागरिकों और कांग्रेस-भाजपा के स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने चेंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा आयोजित एक बैठक में जमकर आक्रोश व्यक्त किया। बुधवार शाम पूज्य सिंधी गुरुद्वारा में हुई इस सर्वदलीय बैठक में लोगों ने सीधे तौर पर आरोप लगाया कि पुलिस की निष्क्रियता के कारण शहर में गुंडों, बदमाशों और मवालियों की दादागिरी चरम पर है, जिससे शराब, गांजा और नशीली गोलियों की खुलेआम बिक्री हो रही है।

**अवैध रेत परिवहन और बढ़ती आपराधिक घटनाएं-** बैठक में उपस्थित लोगों ने शिकायत की कि रेत के अवैध परिवहन में लगे भारी-भरकम हाइवा प्रतिबंधित ▶▶|शेष पेज 10 पर

### अधिकारियों ने दिया कार्रवाई का आश्वासन

बैठक में मौजूद सीएसपी करण उके और एसडीएम रवि सिंह ने नागरिकों के आक्रोश को गंभीरता से सुना। उन्होंने आश्वासन दिया कि इन स्थितियों से बड़े अफसरों को अवगत कराया जाएगा और अपराधियों में कानून का डर होगा, किसी भी गुंडे-बदमाश को बख्शा नहीं जाएगा। दोनों अधिकारियों ने शीघ्र ही सकारात्मक परिणाम देने का वादा किया।

## संतृप्ति शिविर के माध्यम से लोगों को योजनाओं की दी गई जानकारी

# दुल्ला, मालगांव और शोभा में विभिन्न सेवाओं का लोगों को मिला लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान जिले के 187 ग्राम पंचायतों एवं 334 ग्राम बसाहटों में 15 जून से लाभ संतृप्ति शिविरों का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। गुरुवार को ग्राम दुल्ला, मालगांव एवं शोभा में आयोजित शिविरों में जनजातीय परिवार के लोगों को विभिन्न सौगात मिला। शिविर में शासकीय योजनाओं का लाभ लेने बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित हो रहे है। शिविर के माध्यम से योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत जिले के सभी विकासखण्डों के अलग-अलग स्थानों में लाभ संतृप्ति शिविरों के आयोजन का क्रम निरंतर जारी है। शिविरों में जनजातीय परिवार के हितग्राहियों को शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करते हुए उन्हें विभिन्न सेवाओं का लाभ भी प्रदान किया गया। इनमें हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, नया राशन कार्ड, आधार कार्ड, प्रधानमंत्री जनधन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र, मनरेगा जॉब कार्ड, जीवन ज्योति बीमा योजना, वन धन योजना, सामाजिक पेंशन प्रदान किया गया। इसी तरह हितग्राहियों को वृद्धावस्था पेंशन की स्वीकृति प्रदान की गई। साथ ही पशु पालन विभाग के विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। शिविर में उपस्थित जनजातीय समाज के लोगों के द्वारा शासन के विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन प्रस्तुत कर रहे है।



### एनीमिया की हुई जांच

संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा प्राप्त आवेदन पत्रों के परीक्षण के उपरांत सभी आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों के द्वारा ग्रामीणों का सिकलसेल एवं एनीमिया जांच भी किया गया। शिविर में प्रचार रथ के माध्यम से जनजातीय समाज के लोगों को उनके लिए संचालित शासन के विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी के साथ ही उन्हें जनकल्याणकारी योजनाओं की लाभ लेने की अपील की जा रही है। भारतीय आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान होने से जनजातीय समाज के लोगों के विभिन्न मांगों एवं समस्याओं के निराकरण स्थल पर होने से जनजातीय समाज के लोगों में खुशहाली नजर आ रही है।

### तलवार लहराकर जान से मारने की धमकी

**महासमुंद।** तलवार लहराकर जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी के खिलाफ तेंदूकोना थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को रघुराम साहू निवासी खुसरूपाली ने बताया कि 17 जून की रात्रि 9 बजे गांव के हरिश ठाकुर पिता धीरसिंग ठाकुर ने घर के पास आकर तलवार लहराते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि अगर मेरे परिवार के जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया तो तुम्हें जान से मार दूंगा। इसके बाद घबराकर सुबह गांव में बैठक किया था और बैठक में गांव के प्रमुखों के द्वारा रिपोर्ट करने की सलाह दी।

रूबीस एजुकेशन का NEET-JEE में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन



वर्ष 2025 की बोर्ड परीक्षाओं में संस्था की अयाती बिजुरिया ने XII - CBSE में 98.2% प्राप्त कर संपूर्ण छत्तीसगढ़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, सिमोन बगारिया ने XII में 96.8% तथा NEET 2025 में 602 अंक प्राप्त कर छत्तीसगढ़ में तीसरा तथा ऑल इंडिया रैंक 1239 प्राप्त किया। JEE में सफल हुए विशाल, पुष्पांजली और 11 अन्य के साथ साथ, नीट 2025 में नमन, भूमि साहू, मीनाक्षी ध्रुव, आस्था, वीणा साहू सहित 27 विद्यार्थी चयनित हो चुके है। सलीम सर के फिजिक्स अध्यापन से सैंकडो विद्यार्थी लाभन्वित हो चुके है। अब हमारी टीम में डॉ. रवि देशमुख (बॉयोलॉजी) तथा रोहित निरंजन (केमिस्ट्री) भी अध्यापन करा रहे है। **छत्तीसगढ़ की सर्वश्रेष्ठ अध्यापन टीम।**

ड्रॉपर बैचस हिन्दी व अंग्रेजी मीडियम में प्रवेश प्रारंभ है।

Shop-254, Sector-10, Zonal Mkt, Sec-10, Bhilai, C.G
Mob. : 9425565777, 9039800929

## खबर संक्षेप



### लभराकला स्कूल में मनाया प्रवेशोत्सव

**महासमुंद।** ग्राम लभराकला में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। बच्चों के विद्यालय में पाठ्यक्रम प्रारंभ होने पर एक अनोखी खुशियां झलक रही थी। में आज उपसरपंच ओमप्रकाश चंद्राकर एवं जनप्रतिनिधियों ने ने छात्रों को गणवेश व पुस्तक वितरण किया।

### मेशन मजदूर संघ का मिलन समारोह आज

**महासमुंद।** मेशन मजदूर संघ द्वारा 20 जून शुक्रवार को स्वाध्याय केंद्र में मिलन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। इसमें पेटी ठेकेदार, बिजली मिस्त्री संघ, सिविल इंजीनियर, प्लंबर संघ, टाइल्स मिस्त्री संघ, पेंटर संघ, बढ़ई संघ आदि शामिल होंगे। उक्ताशय की जानकारी संघ के अध्यक्ष राधेश्याम धीवर ने दी है।

### नीट परीक्षा में यकृति ने ऑल इंडिया लेवल में हासिल किया 50वां रैंक

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी निवासी यकृति यादव ने नीट परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मेडिकल प्रवेश परीक्षा में पहले ही प्रयास में सफलता अर्जित करते हुए उन्होंने 720 में से 675 अंक प्राप्त किया। यादव को आल इंडिया रैंक में 50वां स्थान मिला है। यकृति के पिता पवन यादव पेशे से डॉक्टर हैं और मां नूतन यादव गृहिणी। उन्होंने बताया कि सफलता का मूलमंत्र अनुशासित दिनचर्या और मॉक टेस्ट का नियमित अभ्यास है। उन्होनें नीट के तैयारी के दौरान सोशल मीडिया से दूरी बनाई। उन्होंने पुराने प्रश्नपत्रों का अभ्यास किया। और रोजाना 4 से 5 घंटे पढ़ाई करते हुए इस लक्ष्य को हासिल किया है।

# छुरा में खाद-बीज की गुणवत्ता पर सवाल, 72 दुकानों पर एक निरीक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

कृषि प्रधान प्रदेश छत्तीसगढ़ के छुरा क्षेत्र में खरीफ फसल की शुरुआत होने वाली है, लेकिन किसानों को गुणवत्तापूर्ण खाद, बीज और कीटनाशक की उपलब्धता सुनिश्चित करने में गंभीर चुनौतियां सामने आ रही हैं। यहां 72 पंजीकृत खाद-बीज और दवाई की दुकानों पर मात्र एक कृषि निरीक्षक तैनात है, जबकि आवश्यकता चार निरीक्षकों की है। यह स्थिति कृषि उत्पादों की गुणवत्ता नियंत्रण पर गंभीर सवाल खड़े करती है। प्रदेश के अधिकांश लोग, विशेषकर इस क्षेत्र के किसान, मुख्य रूप से धान की खेती करते हैं। ऐसे में प्रमाणित बीज और गुणवत्तायुक्त खाद-दवाई की उपलब्धता बेहद महत्वपूर्ण है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कृषि विभाग में निरीक्षकों के पद रिक्त पड़े हैं, जिससे यह अनुमान लगाना मुश्किल नहीं है कि बाजार में बिकने वाले उत्पादों की गुणवत्ता क्या होगी।




### लाइसेंस नियमों का उल्लंघन और उपलब्धता की समस्या

वर्तमान में लगभग हर गांव में खाद, बीज और कीटनाशक दवाई की दुकानें खुल गई हैं। नियमों के अनुसार, कृषि में बीएससी की डिग्री रखने वाले या कृषि की जानकारी रखने वाले व्यक्ति को ही खाद-बीज की दुकान खोलने की पात्रता होती है। हालांकि, कई दुकानें अब दूसरों के लाइसेंस पर संचालित हो रही हैं, जिसके परिणामस्वरूप अक्सर सही समय पर गुणवत्तापूर्ण उत्पादों की उपलब्धता नहीं हो पाती। 72 दुकानों की निगरानी, जिसमें स्टॉक की जांच, दवाई की गुणवत्ता, कीटनाशकों के साइड इफेक्ट, खाद की उपलब्धता और प्रमाणिकता जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर हर महीने जांच की जानी है, एक निरीक्षक के लिए संभव नहीं है। यह दुकानें लगभग 50 से 70 किलोमीटर के दायरे में फैली हुई हैं, जिससे जांच की प्रक्रिया और भी जटिल हो जाती है। ऐसे में यह समझा जा सकता है कि इन दुकानों में बिकने वाले खाद, बीज और दवाई की गुणवत्ता की क्या स्थिति होगी। इस संबंध में वरिष्ठ कृषि अधिकारी शांडिल्य से लगातार संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका फोन लगातार बंद आ रहा है। यह स्थिति किसानों की चिंता और प्रशासन की उदासीनता को और बढ़ाती है।

**अभियान : समाजिक वानिकी विभाग लगाएगा 800 फलदायी पौधे**

# मनरेगा के तहत फलदायी पौधा रोपण से ग्रामीणों की आय और पर्यावरण में सुधार





हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

समाजिक वानिकी विभाग द्वारा जोगीडीपा, चरभट्ठी और देवगांव में कुल 800 फलदार पौधे लगाए जा रहे हैं। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में हरियाली बढ़ाना और स्थानीय लोगों को फलों की उपलब्धता सुनिश्चित करना है।वन विस्तार एवं सामाजिक वानिकी विभाग, पोखरा फिंगेश्वर, मनरेगा योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में फलदार वृक्षों का बड़े पैमाने पर रोपण कर रहा है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करना और फल उत्पादन को बढ़ावा देना है। विभाग के प्रभारी आरआर आनंद ने बताया कि वृक्षारोपण के साथ-साथ पौधों की सुरक्षा के लिए घेरा (फेंसिंग) भी लगाया जाएगा, ताकि पशुओं या अन्य कारणों से पौधों को नुकसान न हो। यह वृक्षारोपण अभियान जोगीडीपा, फुलझर, चरभट्ठी और देवगांव जैसे गांवों में चलाया जा रहा है। इन फलदार वृक्षों से न केवल ग्रामीणों को ताजे फल मिलेंगे, बल्कि उनकी आय में भी वृद्धि होगी। आनंद ने बताया कि मनरेगा के तहत वृक्षारोपण और फेंसिंग के काम में स्थानीय ग्रामीणों को ही रोजगार मिल रहा है। **पर्यावरण सुधार और ग्रामीण हरियाली का लक्ष्य-** इस योजना के कई लाभ हैं। फलदार वृक्षों के रोपण से पर्यावरण में सुधार होगा, भूमि का कटाव कम होगा और ग्रामीण क्षेत्रों में हरियाली बढ़ेगी। यह पहल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ पर्यावरणीय स्थिरता में भी योगदान देगी। इस बीच, जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाड़िक, जिला सरपंच बोड़की नेतराम सरपंच, मालिक ध्रुव, खेमचंद साहू, मनीष साहू और संजू निर्मलकर ने सामाजिक वानिकी विभाग द्वारा लगाए जा रहे फलदार पौधों का निरीक्षण किया और स्वयं पौधारोपण में भाग लिया। इसी तरह, ग्राम देवगांव में पूर्व सरपंच ओमप्रकाश साहू, पूर्व सरपंच संगीता साहू और वानिकी अधिकारी आरआर आनंद ने भी पौधारोपण किया, जो इस पहल के प्रति स्थानीय नेतृत्व के समर्थन को दर्शाता है।




## चारों धाम की यात्रा करना अलौकिक आध्यात्मिक अनुभव : ब्रह्मदत्त शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



उत्तराखंड के चारों धाम, यमनोत्री, गंगोत्री, श्री केदारनाथ और श्री बद्री विशाल की यात्रा एक दुर्गम और जोखिमों से भरी हुई यात्रा है, माइनस डिग्री तापमान से जूझना, ऑक्सीजन की कमी होना और असमय की बरसात व दुर्घटनाएं घट जाना एक आम बात है, चारों धाम की तीर्थयात्रा करके सकुशल लौटे ब्रह्मदत्त शास्त्री ने अपने मनोभाव श्री संकटमोचन सुंदरकांड जनकल्याण समिति के द्वारा आयोजित अपने आत्मीय स्वागत अभिनंदन समारोह में व्यक्त किए। इस कार्यक्रम में समिति एवं नगर के गणमान्य लोग भी उपस्थित थे, विप्रकुल के आचार्य डाक्टर रमाकांत शर्मा व आर बी शर्मा सर ने सभी का सबसे पहले तिलक वंदन किया और चारों धाम की महिमा के विषय में बताया, तत्पश्चात समिति के ललित पांडे, संजय शर्मा व अशोक अग्रवाल, देवरी वाले, हेमराज पारख, भागचंद बंगानी मोहन गोविंद अग्रवाल, अशोक गंगवाल, डॉक्टर राजेंद्र गाड़िया ओमप्रकाश सारडा, अमित माखीजा ने भी सभी को भेंट उपहार देकर सम्मानित किया, इससे अभिभूत ब्रह्मदत्त शास्त्री ने कहा कि पूरे नगर वासियों का हृदय से आभारी हूं, उन्होंने कहा कि प्रत्येक सनातन धर्मी की यह हार्दिक इच्छा होती है, कि वह अपने जीवन में एक बार चारों धाम की तीर्थयात्रा अवश्य करे।



## नर्रा स्कूल में उल्लासपूर्वक मनाया गया प्रवेश उत्सव

**नर्रा।** शासकीय प्राथमिक शाला नर्रा में प्रवेश उत्सव उल्लास पूर्वक मनाया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती की छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम प्रारम्भ किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सरपंच नामेश्वरी दीवान रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता लोकनाथ पटेल उपसरपंच ने की। वही विशेष अतिथि के रूप में संकुल समन्वयक खगेश्वर प्रसाद साहनी, युवराज साहू, नोमेश कुमार यादव, कुंती दीवान उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा नवीन सत्र में सभी छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत अभिनंदन किया गया। साथ ही गणवेश वितरण किया गया। अतिथियों ने शासन से मिलने वालीं सुविधाएं माध्यान्ह भोजन, गणवेश, पाठ्ययपुस्तक, छात्रवृत्ति की जानकारी दी गई। साथ ही 21 जून को होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की जानकारी दी गई। सभी छात्रों को नियमित विद्यालय आने, पढ़ाई करने, साफ सफाई पर ध्यान रखने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रधान पाठक श्रवण कुमार ठाकुर व आभार व्यक्त शिक्षक मनीष यादव ने किया।



## अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड परीक्षा के टापरों को स्वर्ण पदक व प्रशस्ति पत्र से किया सम्मानित

**सरायपाली।** विज्ञान ओलंपियाड संस्था नई दिल्ली भारत द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड परीक्षा में स्थानीय प्रतिभा पब्लिक स्कूल के धानी अग्रवाल कक्षा नवमी (ब) जोनल रैंक 13, कोमल बारिक कक्षा दसवीं(ब) जोनल रैंक 22 दोनों ने विशिष्टता का स्वर्ण पदक और प्रशस्ति पत्र प्राप्त किया। साथ ही चेतना अग्रवाल कक्षा 9वी जोनल रैंक 47 को कक्षा टॉपर के रूप में उत्कृष्टता का स्वर्ण पदक और प्रशस्ति पत्र प्राप्त किया। इन सभी को प्राचार्य नरहरि पटनायक द्वारा प्रार्थना सभा में पदक तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों के सफलता में विशेष कर हिंदी शिक्षक गणेश सामल एवं शिक्षिका गीतांजलि प्रधान का योगदान सराहनीय रहा। सभी ने समन्वयक नीलम पाणिग्रही के मार्गदर्शन में कार्य किया। विद्यार्थियों की सफलता पर संचालक डॉ आभास अग्रवाल, अध्यक्ष नरेश अग्रवाल ने प्रसन्नता व्यक्त किया।

# कृषि आदान विक्रेताओं पर कड़ी निगरानी एवं कार्रवाई

## कलेक्टर के निर्देश पर तुमगांव में निरीक्षण, अनियमितता पाए जाने पर नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



जिले में कृषि आदान सामग्रियों की गुणवत्ता एवं विक्रय प्रक्रिया की सघन निगरानी की जा रही है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार एवं उप संचालक कृषि एफआर कश्यप के मार्गदर्शन में अनुविभागीय कृषि अधिकारी भीमराव घोड़ेसवार एवं उर्वरक निरीक्षक उमेश चंद्राकर द्वारा तुमगांव क्षेत्र के निजी कृषि आदान विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान कई प्रतिष्ठानों में उर्वरक, बीज एवं कीटनाशकों की स्कंध व मूल्य सूची प्रदर्शित नहीं पाई गई, जो कि निर्धारित नियमों का उल्लंघन है। इस पर संबंधित विक्रेताओं को तत्काल कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है तथा जवाब प्रस्तुत करने हेतु समय-सीमा दी गई है।

कलेक्टर लंगेह ने निर्देशित किया है कि जिले के कृषकों को गुणवत्ता युक्त कृषि आदान उपलब्ध हो एवं उन्हें किसी भी प्रकार की ठगी या भ्रम से बचाया जा सके, इसके लिए निरीक्षण दलों को सतत निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। विभागीय निरीक्षकों एवं मैदानी अमले को चेतावनी दी गई है कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही कृषि विक्रय केंद्रों के संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे सभी आवश्यक दस्तावेज, स्टॉक रजिस्टर, मूल्य सूची एवं विक्रय रसीदें प्रदर्शित करें और नियमों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करें। अनियमितता पाए जाने की स्थिति में उनके विरुद्ध लाइसेंस निरस्तीकरण व कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



### मोहदा स्कूल में मनाया गया प्रवेशोत्सव

**अरंड (पिथौरा)।** शासकीय प्राथमिक शाला मोहदा में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत मोहदा के सरपंच रहे। उपस्थित अतिथियों द्वारा नवप्रवेशी छात्रों का स्वागत तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर किया गया। उपस्थित अतिथियों के हाथों विद्यार्थियों को गणवेश वितरण किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत मोहदा के सरपंच नर्मदा-तुलाराम ध्रुव, उपसरपंच शाखाराम पटेल, पंचगण, कामता प्रसाद यादव, विश्राम सिंह ठाकुर, तुलाराम ध्रुव, महावीर यादव, धनेश्वर यादव, हितेश्वरी यादव, प्रेमिन दीवान तथा पालकगण एवं विद्यालय के सहायक शिक्षक प्रभारी प्रधान पाठक एचएस पटेल, शिक्षिका चंद्रकांति ठाकुर उपस्थित रहे।

**नवप्रवेशी छात्रों का तिलक लगाकर किया गया स्वागत**

# सेजेस तुमगांव में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



पीएमश्री सेजेस तुमगांव में नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। समारोह में नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक, फूलमाला और शैक्षिक सामग्री प्रदान कर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत तुमगांव के अध्यक्ष बलरामकांत साहू ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा वह आधार है जो बच्चों को अपने सपनों को हकीकत में बदलने की ताकत देती है। मेहनत और लगन से पढ़ाई करें और अपने परिवार का नाम रोशन करें। उपाध्यक्ष सावित्रीबाई निर्मलकर ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा, शिक्षा से ही समाज का विकास संभव है। आप सभी इस अवसर का लाभ उठाकर अपने भविष्य को संवारें। वार्ड क्रमांक 12 के पार्षद रोहित साहू ने कहा कि आज का यह दिन आपके जीवन का नया अध्याय है। अनुशासन और मेहनत के साथ इसे यादगार बनाएं। अन्य अतिथियों में वार्ड क्रमांक 3 के पार्षद थानू साहू और वार्ड क्रमांक 12 के पूर्व पार्षद शैलेंद्र सेन भी उपस्थित थे।

प्राचार्य एल कुरील ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि हमारा लक्ष्य बच्चों को शैक्षिक ज्ञान के साथ-साथ नैतिक और सामाजिक मूल्यों से जोड़ना है। अतिथियों और शिक्षकों ने मिलकर नवप्रवेशी बच्चों को पाठ्य पुस्तकें, मिठाइयां, चॉकलेट और अन्य शैक्षिक सामग्री वितरित की, जिससे बच्चों के चेहरों पर खुशी झलक उठी। इस अवसर पर प्राचार्य एल कुरील, शिक्षकगण आईएल साहू, केआर साहू, धीवर, कामता प्रसाद साहू, पवन कुमार डडसेना, गेंद्रे, ज्योति सिंह, हेमलता साहू, कुसुम कुजूर, सविता ध्रुव, अंकिता ठाकरे, सिद्धांत गायगौरे, सुरेश यादव, नवीन दास, सागर झा, सत्यम पांडेय, सजल चंद्राकर, तरुण सिन्हा, एलएन साहू, लोकेश साहू, डोलेश होता, मधुरिमा शर्मा, बरखा शर्मा, भारती भार्गव, वेनिका लकड़ा, सोनाली साहू, मोनिका यादव, प्रगति साहू, नलिनी ध्रुव, चेतना फ़ेकर, रूपाली गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## पेज 9 के शेष...

### जिले को आज...

में लोगों का हर दिन आवागमन बना रहता है, बेदर्दी बस स्टैंड के कल चलते लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बाहर से आने वाले यात्री जिला मुख्यालय की बदहाली पर हैरानी जताते हैं। एक ओर सरकार विकास की बात करती है, दूसरी ओर गरियाबंद जैसे जिले में अब तक एक ढंग का बस स्टैंड नहीं बन पाया है।

**जगह की तलाश में जुटा प्रशासन-** नगर पालिका गरियाबंद के मुख्य नगरपालिका अधिकारी गिरीश कुमार ने बताया कि नगर में सर्व-सुविधायुक्त बस स्टैंड निर्माण के लिए उपयुक्त जगह की तलाश की जा रही है, लेकिन अब तक ऐसा कोई स्थान नहीं मिला है जहां निर्माण संभव हो सके।


**शासन ने वापस ली स्वीकृत राशि-** जगह नहीं मिलने के कारण शासन ने स्वीकृत 50.28 लाख रुपए की राशि वापस ले ली। इससे स्थानीय लोगों में नाराजगी है और सवाल उठ रहे हैं कि आखिर जिला बनने के 13 साल बाद भी गरियाबंद को बुनियादी सुविधाओं से क्यों वंचित रखा गया?

**जनप्रतिनिधियों से उम्मीद-** जिला मुख्यालय में उच्च स्तर के अवसर और नेता।मंत्री एवं अन्य नेताओं का आए दिन यहां आना होता रहा है, पर बस स्टैंड की चिंता किसी ने नहीं किया। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि अब नई सरकार और नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को इस दिशा में गंभीर पहल करनी चाहिए, ताकि गरियाबंद को जल्द एक सुव्यवस्थित बस स्टैंड मिल सके।

### टीआई को हटा...

समय में भी शहर के बीच से गुजरते हैं, जिससे दुर्घटनाएं हो रही हैं। हाल ही में एक हाइवा की चपेट में आने से दो नाबालिग कुचले गए, जिनमें से एक की मौत हो गई और दूसरा गंभीर रूप से घायल है। जनप्रतिनिधियों ने साफ कहा कि टीआई का इन गतिविधियों पर कोई नियंत्रण नहीं है। कई लोगों ने तो यहां तक कह दिया कि /"टीआई को यहां से हटा दो, शहर शांत हो जाएगा। **पुलिस की भूमिका पर गंभीर सवाल-** नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू और नेता प्रतिपक्ष संध्या राव ने आरोप लगाया कि पुलिस की भूमिका संदिग्ध हो गई है और शहर का हर नागरिक असुरक्षित महसूस कर रहा है। उन्होंने पुलिस और प्रशासन के अक्षम रहने पर नागरिकों के साथ मिलकर बदमाशों के खिलाफ लड़ाई लड़ने की चेतावनी दी। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष धनराज मध्यानी ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि शहर अवैध शराब, गांजा और नशीली दवाओं की चपेट में है, और चाकूबाजी की घटनाएं भी हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि शांति और संस्कारवान यह नगर तेजी से अपराधगढ़ में तब्दील हो रहा है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा और कांग्रेस नेता रामा यादव ने कहा कि अपराधियों में पुलिस का जरा भी खौफ नहीं है और इस टीआई के रहते अपराध पर अंकुश लगाना मुश्किल है। उन्होंने चैन स्नैचिंग, उठाईगिरी, दुपहिया वाहन चोरी और खुलेआम जुआ-सट्टा जैसी घटनाओं का भी जिक्र किया। पालिका उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी ने टीआई की सुस्ती के कारण लूटपाट, चाकूबाजी, गुंडागर्दी और मारपीट की घटनाओं में वृद्धि का आरोप लगाया। भाजपा नेता धीरज साहू और कांग्रेस नेता राजा चांवला ने असामाजिक तत्वों के तांडव और अवैध रेत परिवहन को रोकने में पुलिस व माइनिंग विभाग की विफलता पर नाराजगी जताई। राइसमिल एसोसिएशन के अध्यक्ष गिरधारी अग्रवाल, प्रसन्न शर्मा, नवीन बोथरा, जवाहर जीवनानी, ज्ञानचंद लालवानी, शेखर बाफना, विशेषर हिरवानी, नागेंद्र निषाद सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने भी पुलिस की नाकामी पर आक्रोश व्यक्त किया।

**खबर संक्षेप**



### भगवान जगन्नाथ का अनसर काल, विशेष वनौषधि से हो रहा महाप्रभु का उपचार

**मैनपुर।** मैनपुर विकासखंड के ग्राम अमलीपदर स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर में इन दिनों अनसर काल चल रहा है। देवस्नान पर्व के दिव्य स्नान के बाद भगवान जगन्नाथ 15 दिनों तक अस्वस्थ रहते हैं। ऐसी मान्यता है कि वे पूरे ब्रह्मांड का ताप और भक्त माधवदास के रोग को स्वयं पर ले लेते हैं, जिसके कारण उन्हें तेज बुखार आता है। श्री मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित युवराज पांडेने बताया कि इस 15 दिवसीय अनसर काल में आम भक्तों को महाप्रभु के दर्शन उपलब्ध नहीं होते। इस दौरान भगवान का उपचार जंगलों से चुनी गई कुछ विशेष वनौषधियों से किया जाता है। इन्हीं औषधियों से महाप्रभु की विशेष पूजा-अर्चना भी की जाती है। रात्रि काल में, खासकर संध्या के समय, भगवान को दिव्य जड़ी-बूटियों से उपचारित किया जाता है। इसमें गर्म पट्टी में जड़ी-बूटियां डालकर लेपन करना, नीम और हल्दी से गुनगुने पानी से स्नान कराना और काढ़ा का रसपान कराना शामिल है। पंडित युवराज पांडे स्वयं अपने मंदिर के मुख्य सेवकों के साथ जंगलों में जाकर इन दिव्य जड़ी-बूटियों का चयन करते हैं और उन्हें लाकर महाप्रभु का उपचार करते हैं। इस पारंपरिक उपचार के बाद, रथयात्रा के एक दिन पहले भगवान जगन्नाथ स्वस्थ होकर श्री मंदिर में विराजित होते हैं और फिर रथयात्रा के लिए गुंडीचा मंदिर की ओर प्रस्थान करते हैं। यह अनूठी परंपरा स्थानीय मान्यताओं और भगवान के प्रति गहरी आस्था को दर्शाती है।

### बाल संप्रेक्षण गृह में 14 बच्चों की मानसिक स्वास्थ्य जांच

**महासमुंद।** बाल संप्रेषण गृह बरोंडा बाजार में साइकोसोशल इंटरवेंशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जहां 14 बच्चों का मानसिक स्वास्थ्य जांच एवं परीक्षण किया गया। बालकों में युवावस्था में होने वाले तनाव को कम करने, भावनाओं को नियंत्रण में रखने और जीवन में आने वाली चुनौतियों से सामना करने के लिए गेम के माध्यम से इंटर पर्सनल रिलेशनशिप, स्लीप हाईजिन, मौसमी बीमारी के देख व रख रखाव, नशे आदि से दूर रहने के उपाय, इस उम्र में सिर्फ पढ़ने लिखने का समय है, कई ऐसे परिजन है जो किशोरों को मिलने नहीं आते, जिसके कारण उनके मानसिक स्थिति पर बुरा असर पड़ता है। समय समय पर परिजन को मिलना बहुत जरूरी है, ऐसे व्यक्ति साथी दोस्त यार जो गलत काम करते है, उनको होने होने वाले दुष्परिणाम या उनके मानसिक स्वास्थ्य खराब होने के स्थिति को बताया गया। स्वास्थ्य लाभ के लिए दैनिक दिन चर्या में योगा अभ्यास, ध्यान को शामिल करें। सृजनात्मक सोच के बारे में बताया गया। सभी को बारी-बारी बुला कर मनोसामाजिक परामर्श दिया गया। इस प्रोग्राम में जिला अस्पताल से आरजी खूंटे, खोमन लाल साहू, देव कुमार डड़सेना आदि शामिल हुए।

**समस्या : 2 सप्ताह के भीतर तीन माह का राशन वितरण करना बड़ी चुनौती**

# जून का आधा माह बीत चुका, अभी तक हजारों उपभोक्ताओं को नहीं मिला चावल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर


जिले के आदिवासी विकासखंड मैनपुर क्षेत्र में सस्ता राशन लेने वाले उपभोक्ताओं की परेशानी इन दिनों लगातार बढ़ती जा रही है। जंगल वनांचल क्षेत्र होने के कारण राशन दुकानों के थम्म मशीनों का सर्वर पिछले कई दिनों से ठीक ढंग से काम नहीं कर रहा जिससे राशन वितरण की प्रक्रिया बाधित हो गई है। एक-एक उपभोक्ता को राशन लेने में एक घंटे तक का समय लग रहा हैं, जिसके चलते गर्मी और बारिश में कतारों में खड़े रहना लोगों के लिए किसी बड़ी सज़ा से कम नहीं लग रहा और राशन दुकानों में भारी भीड़ तथा समय पर राशन नहीं मिलने से विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। तीन महिने का चावल वितरण विभाग और राशन दुकानदारो के लिए गले का फांस बन गया है न ही भंण्डारण के लिए गोदाम है और न ही सर्वर साथ दे रहा है इतना ही नही कई तरह की तकनीकि दिक्कतो ने अधिकारियों को भी उलझा दिया है हालत यह है कि अब तक उपभोक्ताओं को राशन नही मिल सका है तीन महिने का चावल एक साथ दिया जा रहा है लेकिन पीडीएस सिस्टम मे तकनीकि गड़बड़ी और वनांचल पहाड़ी, नेटवर्क की समस्या के चलते सर्वर डाउर रहने की वजह से लक्ष्य पहाड़ सा नजर आ रहा है 30 जून तक राशन वितरण करने का टारगेट है लेकिन यह संभव नजर नही आ रहा है। सरकारी राशन दुकानो के बाहर तीन माह का चावल लेने के लिए राशन कार्ड धारियों की लाईन सुबह 6 बजे से देखी जा रही है जो अपनी बारी का इंतजार कर रहे है। एक एक कार्ड धारियों को राशन वितरण करने के लिए पौन से एक घंटा का समय लग रहा है क्योंकि कई बार ओटीपी आने के बाद ही थम्म लगाने के बाद राशन मिल रहा है।

> ■ सर्वर डाउन ओटीपी, थम्म जैसे समस्या के चलते दिनभर में मात्र 12 से 13 लोगों को मिल पा रहा है राशन

**राशन दुकानों में भारी भीड़ और लगातार विवाद की स्थिति**



#### इन राशन दुकानों में है भारी परेशानी



मैनपुर विकासखंड क्षेत्र चारो तरफ से घने जंगल पहाड़ो से घिरा हुआ ईलाका है यहां हमेशा नेटवर्क समस्या की परेशानी रहती है ऐसे समय में गोना, साल्हेभाटा, बुड़गेलटप्पा, अमाड़, उसरीजोर, साहेबिनकछार, दबनई, छोटे गोबरा, कुल्हाड़ीघाट, तुहामेटा, बोईरगांव, कुहीमाल, बिरीघाट, छैलडोंगरी, दाबरीगुड़ा, मटिया भूतबेड़ा गरहाडीह, भेजीपदर, काण्डेकेला, इंदागांव, गौरगांव, कोकड़ी, गोपालपुर, जांगड़ा, जैसे दूरस्थ वनांचलों में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण सुकराम सोरी, रायमोतीन, पारेश्वर नेगी, त्रिवेन्द्र, कुमारी बाई, नकलू राम, पूर्णिमा, का कहना है, जब भी राशन लेने जाते हैं, मशीन सही काम नहीं करती. पूरा दिन राशन दुकान में बिताना पड़ रहा है, लेकिन राशन नहीं मिलता. सरकार से निवेदन है कि इस समस्या का स्थायी हल निकाला जाए।

**74 राशन दुकानों को कल ही वितरण किया है ई पाश मशीने-** राशन दुकानों में अभी तक बायोमैट्रिक फिंगर प्रिंट स्कैनर मशीन लगा था लेकिन मैनपुर विकासखंड क्षेत्र के 74 राशन दुकानों को 18 जून को मशीन वितरण किया गया है मैनपुर के फुड इंस्पेक्टर कुसुमलता ने बताया मैनपुर विकासखंड क्षेत्र मे 44 हजार राशन कार्ड धारी है और 18 जून को इन दुकानो को गरियाबंद से मशीन का वितरण किया गया है उन्होने बताया 11 पहुंच विहीन सहकारी सोसायटी है जिसमें अमाड़, गरहाडीह, भूतबेड़ा, अमली, छोटेगोबरा यहां एक साथ तीन माह का राशन लेने ग्रामीण पहुंच रहे है लेकिन वनांचल पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण नेटवर्क समस्या के कारण दिक्कत आ रही है कोशिश पूरी तरह से जारी है कि हर हाल मे लोगो को इस माह चावल का वितरण हो जाए।

## धान की नर्सरी में लग रहे रोग, तो फौरन करें ये उपाय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

इन दिनों किसानों के खेत में धान की नर्सरी लग चुकी है, धान की खेती का यह शुरूआती दौर होता है, जिसके बाद पौधे बड़े होने पर उनकी रोपनी की जाती है, लेकिन इस बीच



अगर शुरुआती दौर में समस्या शुरू हो जाए, तो किसान बेहद परेशान हो जाते हैं। लेकिन किसानों को अब परेशान होने की जरूरत नहीं है, धान की नर्सरी में होने वाली समस्याओं का निजात पाने के लिए बहुत आसान तरीका अपनाया जा सकता है। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संजय बघेल ने बताया कि धान की नर्सरी में भूरे धब्बे दिखे तो 5 प्रतिशत जिंक सल्फेट का उपयोग करें, नर्सरी में फफूंदी नाशक का छिड़काव किया जावे तथा नर्सरी में नमीं बनाए रखें और समय पर सिंचाई करें। इसमें आद्र गलन की समस्या आती है, जिसमें पौधा जमीन के पास से ही सड़ कर सूखने और गिरने लगता है। इसके लिए फफूंदी नाशक का छिड़काव एक बार जरूर करना चाहिए। नर्सरी में तीसरी बीमारी जिंक की कमी के कारण आती है, जिन्हें खैरा रोग कहा जाता है, यह रोग धान के रोपाई के बाद भी लगता है। अगर धान की नर्सरी में पत्तियों पर भूरे रंग के धब्बे, जगह जगह पर झुंड में बन रहे हैं तो एक बार 5 प्रतिशत जिंक सल्फेट का उपयोग ज़रूर कर दे।

## चंदूलाल ने गोदाम का निरीक्षण कर भंडारण व्यवस्था पर जताया संतोष





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

बुधवार को छत्तीसगढ़ राज्य भकार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू ने गरियाबंद जिले के नहरगांव स्थित भकार गृह निगम शाखा और गोदाम परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने भंडारण व्यवस्था, चावल की गुणवत्ता और भंडारण की तकनीकी व्यवस्थाओं की गहनता से जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष ने गोदाम में चावल की सुरक्षा, रख-रखाव और भंडारण के तरीके की सराहना करते हुए कहा कि यह व्यवस्था बेहतर है और इसी तरह गुणवत्ता और मानक को बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने गोदाम प्रबंधन को निर्देशित किया कि अनाज की सुरक्षा और गुणवत्तायुक्त भंडारण में किसी प्रकार की लापरवाही न हो, ताकि किसानों और उपभोक्ताओं के हित सुरक्षित रह सकें। निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष चंदूलाल साहू के साथ गरियाबंद भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चंद्रकार, वरिष्ठ भाजपा नेता बलदेव सिंह हुंडल अनूप भोंसले अजय रोहरा नोडल अधिकारी बीएल नोडल, किरण राय डीएम, अन्य वरिष्ठ नेता, अधिकारी और निगम के कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने गोदाम के विभिन्न हिस्सों का निरीक्षण कर भंडारण प्रणाली को देखा और जरूरी बिंदुओं पर चर्चा की। निरीक्षण के बाद अध्यक्ष साहू ने परिसर में पौधा रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि निगम के परिसरों में हरियाली बढ़ाना आवश्यक है, ताकि हम अपनी जिम्मेदारी के साथ पर्यावरण संतुलन बनाए रख सकें। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों से अपील की कि वे वृक्षों की देखरेख करें और परिसर को स्वच्छ और हरा-भरा बनाए रखें। अध्यक्ष ने अपने निरीक्षण के अंत में अधिकारियों को निर्देश दिए कि गोदाम परिसर की साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था में और सुधार करें तथा किसानों से संबंधित कार्यों में पारदर्शिता और तत्परता बनाए रखें। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने भी उनके प्रयासों की सराहना की। यह निरीक्षण कार्यक्रम निगम की कार्यप्रणाली को सशक्त और पारदर्शी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

**जातीय जनगणना पर हुई संगोष्ठी**

## मैनपुर में राहुल गांधी के जन्मदिन पर युवा कांग्रेस ने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर से 5 किलोमीटर दूर ग्राम देहारगुड़ा में गुरुवार को युवा कांग्रेस बिंद्रानवागढ़ विधानसभा द्वारा कांग्रेस नेता राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूरे गांव में एक रैली निकाली और भ्रमण किया। बिंद्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र से सैकड़ों की संख्या में युवा कांग्रेस कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में शामिल हुए। रैली के पश्चात जातीय जनगणना के विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से युवा कांग्रेस बिंद्रानवागढ़ विधानसभा अध्यक्ष अमृत पटेल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदू यादव, नेयाल सिंह नेताम, एनएसयूआई प्रदेश सचिव चित्रंश ध्रुव, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहन नागेश और तनवीर राजपूत, व सरपंच महेश दिवान उपस्थित थे। युवा कांग्रेस बिंद्रानवागढ़ विधानसभा अध्यक्ष अमृत पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि राहुल गांधी के जन्मदिन पर हमें युवा कांग्रेस को और अधिक मजबूत करने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदेश और देश के विकास में विशेष योगदान दे रहे हैं और आज युवाओं को संगठित करने की जरूरत है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने कहा कि राहुल गांधी संविधान की रक्षा के लिए कार्य कर रहे हैं और हमेशा गरीब, आदिवासी, शोषित तथा सभी वर्गों के हित के लिए उनकी आवाज उठा रहे हैं। उन्होंने जातीय जनगणना को बेहद जरूरी बताया।



#### नेताओं ने किया राहुल गांधी के संघर्षों का बखान

ब्लॉक महामंत्री गैदू यादव, नेयाल नेताम और तनवीर राजपूत ने कहा कि राहुल गांधी हिंदुस्तान के ऐसे नेता हैं जिन्होंने कश्मीर से कन्याकुमारी तक हजारों किलोमीटर पैदल यात्रा कर देश के गरीब, असहाय और सभी लोगों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि इस नफरत के दौर में राहुल गांधी ने मोहब्बत की दुकान लगाई है, और पूरे देश के लोगों का समर्थन और प्यार उन्हें मिल रहा है। ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहन नागेश ने संगोष्ठी का उद्देश्य जातीय जागरण एवं सामाजिक समरसता पर विचार-विमर्श बताया। उन्होंने राहुल गांधी के संघर्षशील व्यक्तित्व, गरीबों और शोषितों की आवाज उठाने के लिए उनकी दूरदर्शिता वाली सोच के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर अमृत पटेल, रामकृष्ण ध्रुव, चित्रंश ध्रुव, गेंदू यादव, नेयाल सिंह नेताम, सोहन नागेश, सरपंच महेश दीवान, पवन दीवान, रामप्रसाद दीवान, सदराम, गोवर्धन, डोमार साहू, धनसुराम, रेवन सिंह, भिलेश्वर, संजय, सेवन, बुधराम दीवान, मानसिंह, तनवीर राजपूत, सूरज यादव, नवीन साहू, खम्मन पटेल, देवेंद्र कश्यप, खेमेश्वर पटेल, भुजबल, सुमित्रा बाई, रतनी बाई, आंगन बाई, लीला बाई, सोहद्रा बाई, सोनबाई, सतीश पटेल, राजेश ध्रुव, धर्मेंद्र ध्रुव, जितेंद्र यादव, जितेंद्र पटेल, यशु निषाद, हितेश ध्रुव, तरुण पटेल, देवनारायण सहित सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मोदी सरकार के 11 साल स्वर्णिम युग : ठाकुर

**गरियाबंद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में भाजपा सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर /"विकसित भारत का अमृतकाल अभियान के तहत गरियाबंद जिले के मलेवा अंचल मंडल में संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्षों की उपलब्धियों पर केंद्रित रहा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भाजपा के जिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष पारस ठाकुर रहे। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने बीते 11 वर्षों में भारत को विकास के उस मार्ग पर आगे बढ़ाया है, जिसे स्वर्णिम युग कहा जा सकता है। उन्होंने कहा, /"वर्ष 2014 भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में एक मील का पत्थर बना। नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में सबका साथ,



सबका विकास, सबका विश्वास और अब सबका प्रयास के मूलमंत्र पर चलते हुए देश ने हर क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियाँ हासिल की हैं। पारस ठाकुर ने प्रधानमंत्री आवास योजना, हर घर जल योजना, उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर वितरण, शौचालय निर्माण, मुद्रा लोन, आयुष्मान भारत योजना और अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण जैसे प्रमुख कार्यों को गरीब कल्याण और जनसेवा का प्रतीक बताया।

कार्यक्रम की शुरुआत श्रद्धांजलि के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय जनता पार्टी के पुरोधाओं के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष शिवशंकर जायसवाल, महामंत्री ईश्वर वर्मा, नारायण सिन्हा, रामेश्वर कंवर, टंकेश्वर सोरी, गैंदलाल दीवान, कुशल ध्रुव, कृष्ण कुमार, भुवेंद्र मरकाम, ललित नागेश, भोजलाल सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पूर्व सीएम भूपेश ने स्व. बाबूलाल को दी श्रद्धांजलि

**राजिम।** पूर्व सीएम भूपेश बघेल गुरूवार को वरिष्ठ कांग्रेस नेता जिला कमेटी के पूर्व अध्यक्ष स्व बाबूलाल साहू के निवास पहुँचकर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर उन्होंने दिवंगत साहू जी के सामाजिक, राजनीतिक और संगठनात्मक योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि वे कांग्रेस पार्टी के मजबूत स्तंभ थे। समाज सेवा में उनका योगदान उल्लेखनीय था। पार्टी और समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताया। श्री बघेल ने स्व. साहू के छोटे सुपुत्र शिवेंद्र साहू से भेंट कर आश्वस्त किया कि उनका 25 वर्षों का समर्पण व्यर्थ नहीं जाएगा। कांग्रेस संगठन में परिवार को उचित सम्मान और स्थान मिलेगा। पार्टी, इस दुख की घड़ी में परिवार के साथ पूरी मजबूती से खड़ा है। स्व. साहू की माताजी से मुलाकात कर उनका कुशल क्षेम जाना। श्री बघेल के साथ पूर्व विधायक अमितेश शुक्ल ,विधायक जनक ध्रुव, सुशील 'सन्नी' अग्रवाल, पुष्पा साहू, शैलेन्द्र



साहू, अनुशासन साहू, ओमप्रकाश बंछोर, अनिल चंद्राकर, रामकुमार साहू ,शिवेंद्र साहू, विकास तिवारी, हेमराज साहू आदि मौजूद थे।

**धवलपुर पहुंचे पूर्व सांसद चंदूलाल का जोरदार स्वागत**

# मोदी सरकार ने देश का सम्मान बढ़ाने का किया है कार्य : साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के 11 साल पूरे होने पर तहसील मुख्यालय मैनपुर से 11 किमी दूर ग्राम धवलपुर मे आज बुधवार को विकसित भारत के अमृत काल सेवा सुशासन और गरीब कल्याण संकल्प सभा का आयोजन भाजपा मंडल मैनपुर द्वारा किया गया इस कार्यक्रम मे शामिल होने के लिए पूर्व सांसद एवं छत्तीसगढ़ भण्डार गृह मंडल के अध्यक्ष चंदूलाल साहू एवं भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चन्द्राकर, जिला पंचायत गरियाबंद के अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप पहुंचे तो भाजपा कार्यकर्ताओ ने फूल माला आतिशबाजी कर जोरदार स्वागत किया इस दौरान पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एवं पूर्व सांसद चंदूलाल साहू ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 11 साल सिर्फ सत्ता का नही बल्कि सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के लिए समर्पित रहा प्रधानमंत्री मोदी सरकार ने भारत को बदलने का काम ही नही किया बल्कि उसे पूरे दुनिया मे सम्मान दिलाने का कार्य भी किया उन्होने ऑपरेशन सिन्दुर और पाकिस्तान पर की गई सर्जिकल स्ट्राईक पर जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की सेना पाकिस्तान के भीतर घूसकर आतंकवाद को मूहतोड़ जवाब दिया दुनियाभर मे आतंकवाद के खिलाफ भारत की निर्णायक छवि स्थापित की गई अब भारत दुनिया के चौथी सबसे बड़ी अर्थ व्यवस्था बनने की ओर बढ रहा है।

भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चन्द्राकर ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 11 साल सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के लिए समर्पित रहा देश के इतिहास मे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह कार्यकाल स्वर्णिम अक्षरो मे लिखा जायेगा।

**किसानों को सम्मान निधि के रूप में मिल रहा आर्थिक लाभ**



जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप ने कहा की नरेन्द्र मोदी सरकार ने 11 वर्षों के भीतर देश के विकास के लिए जो कार्य किया है वह अपने आप में एक मिशाल है आज हजारों लाखों लोगों को पक्का मकान का सपना पूरा हो रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान निर्माण कार्य किया जा रहा है। राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र मे आत्मनिर्भर भारत की नींव मजबूत हुई है आवास योजना, आयुष्मान योजना, स्वच्छता अभियान, पीएमजनमन योजना, लखपति दीदी जैसे कार्यक्रमों से गरीबों को सीधा लाभ मिला है प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना से रोजगार के अवसर बढे है किसानों को सम्मान निधि के रूप में आर्थिक लाभ मिल रहा है। कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं कार्यक्रम के जिला सहसंयोजक दुलार सिन्हा, भाजपा मंडल महामंत्री महेश कश्यप, दिलीप साहू, रामदास वैष्णव, मनोज निर्मलकर, तिजू राम सिन्हा, किशोर यादव, गोविंद नायक, प्रमिला बाई सोनवानी, तुलसी राठौर, कृष्ण कुमार नेताम, हेमंत कुमार साहू, सुधीर राजपूत, चैनूराम नागेश, दिनेश सचदेव, लखन गिरी गोस्वामी, कोमल सोनवानी, मोहित द्विवेदी, नंदकिशोर चौबे, अजय बघेल, नरेश सोनवानी, जनक यादव, कुलेश्वर सिन्हा सहित वरिष्ठ जन भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री घनश्याम मरकाम ने किया एवं आभार प्रकट दुलार सिन्हा ने किया।

**न्यायालय तहसीलदार राजिम जिला-गरियाबंद (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र.-ब/ 121 वर्ष 2024-2025
ग्राम सुरसाबांधा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बिन्दा बाई पिता/ पति रामरतन जाति कुर्मी निवासी ग्राम-सुरसाबांधा तहसील राजिम जिला गरियाबंद के द्वारा मृतक लीलाबाई पति स्व. रामरतन का मृत्यु दिनांक 03/06/2008 को होना बताया गया है जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है जो न्यायालय में विचाराधिन है।

उक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / सर्वसाधारण को आवेदन प्रस्तुत करना हो तो स्वतः या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 30/06/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। तद्पश्चात प्राप्त आपत्ति या उजर दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
राजिम

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) मैनपुर जिला गरियाबंद (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. अ-2/2024-2025 ग्राम- बरदूला, तहसील मैनपुर, जिला गरियाबंद (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री धनेश्वर प्रसाद साहू पिता श्री कोन्दाराम साहू, जाति तेली, निवासी बरदूला, तहसील मैनपुर, जिला गरियाबंद (छ.ग.) के द्वारा ग्राम बरदूला. प.ह.नं. 07. तहसील मैनपुर, जिला गरियाबंद (छ.ग.) स्थित स्वामित्व हक की भूमि खसरा नंबर 8/2 रकबा 0.40 हे. में से 0.30 हे. भूमि को छ.ग. भू-राजस्व संहिता की धारा 1959 की धारा 172 के तहत व्यावसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन निर्धारण कराने बाबत नक्शा खसरा, बी-1 एवं अन्य दस्तावेजों सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो वे स्वयं या विधिक अधिकारिता रखने वाले अपने अभिभाषक (अधिवक्ता) के माध्यम से ईश्तहार प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिवस के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 17/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
मैनपुर

## खबर संक्षेप



### पालिका उपाध्यक्ष भूपेंद्र ने किया इंटेकवेल का निरीक्षण

**नवापारा-राजिम।** पालिका उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी ने बगदेहीपारा वार्ड 19 के पुराने इंटेकवेल का निरीक्षण कर उसे पुनः चालू कर पानी सप्लाई के लिए संबंधित अधिकारियों से कहा। बताया कि राजिम कुंभ मेले के बाद से नदी में गंदगी होने के कारण लगभग 4 माह से पुराने इंटेकवेल से पानी सप्लाई बंद कर दिया गया था। जिसके कारण नवापारा के वार्ड नं 15 घटोरिया पारा सहित कुछ वार्डों में पानी सप्लाई सुचारू रूप से नही हो पा रहा था। श्री सोनी ने लोगों की समस्या को ध्यान में रखते हुए सभापति सहदेव कंसारी,जग्गू यादव, पार्षद नम्मू ध्रुव सहित कर्मचारियों के साथ पुराने इंटेकवेल का निरीक्षण किया और स्थल की आवश्यक सफाई कर पानी सप्लाई पुनः चालू करने कहा।

### मैनपुर थाना प्रभारी शिव शंकर सम्मानित



**मैनपुर।** जिले में पुलिस विभाग द्वारा बेहतर कार्य करने वाले थाना प्रभारी एवं अन्य कर्मीयों को कॉप ऑफ द मंथ अलंकरण से हर माह सम्मानित किया जाता है। इस पहल के तहत पुलिसकर्मियों द्वारा ड्यूटी के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मचारियों को कॉप ऑफ द मंथ का चुना किया जाता है। माह मई 2025 में उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने वाले मैनपुर थाना प्रभारी शिवशंकर हुर्रा को लूट, गांजा, बलात्कार के प्रकरणो के आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी करने में विशेष भूमिका और उल्लेखनीय कार्य के चलते गरियाबंद पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस माह 05 अधिकारी कर्मचारियों को कॉप ऑफ द मंथ रहे। इस पहल के माध्यम से माह में सराहनी एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र दिया जाता है। जिससे अधिकारी/कर्मचारियों में उत्साह बनी रहती है यह पहल आगे भी जारी रहेगा।

**आयोजन :** धीवर समाज की वार्षिक आमसभा में कांग्रेस-भाजपा का संगम, 20 लाख के भवन का हुआ उद्घाटन

# शिक्षित और संगठित हो समाज : पूर्व सीएम बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

धीवर समाज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने 20 लाख रूपए की लागत से बने भवन का उदघाटन कर कहा कि आज के समय में हर समाज की आवश्यकता बढ़ गई है। पहले जमाने में शादी का कार्यक्रम घरो से ही संपन्न होता था लेकिन अब धर्मशाला, मैरिज हॉल या ऐसे समाज के भवनों में होने लगा है। सारा चीज अब रेडिमेड हो गया है। न खाना बनाने की जरूरत है, न परोसने की। बस ठेके में दे दो, सब काम हो जाएगा। कहा कि यह भवन समाज के कार्यो के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। श्री बघेल ने कहा कि हर समाज में सभी प्रकार के विचारधारा के लोग होते है और यही हाल राजनीतिक दलो का भी है। इसमें भी सभी समाज के लोग रहते है। आज यह जो मंच दिख रहा है इसमें सभी दल के लोग बैठे हुए है और इसका कारण है समाज की ताकत। धीवर समाज ने सभी दलो के नेताओं को यहां बुलाया है। श्री बघेल ने कहा कि रासमणी का इतिहास बहुत ही सुंदर है। इससे समाज में जागृति आई। हर समाज से कहना चाहुंगा की शिक्षित और संगठित हो, बेटियों की शिक्षा पर जरा ज्यादा जोर दें क्योंकि बेटियां दो कुलो को तारती है। आप देख रहे है कि हर जगह महिलाओं की संख्या बढ़ रही है। यह अच्छी बात है। राजनीति में भी लड़कियां, महिलाएं आगे बढ़ रही है। ग्राम पंचायत से लेकर नगरीय निकाय और जिला जनपद तथा एमएलए, एमपी, मंत्री भी बन रहे है। समय तेजी से बदल रहा है। लड़कों से कहा कि पढ़ाई में जरा ज्यादा ध्यान दें। पान ठेला में गुटका खाने न जाए तो किस्मत बदलेगा। लड़का और लड़की गाड़ी के दो पहिया के समान है। कहा कि लोग अब अपने पारंपरिक रोजगार को भुलते जा रहे है यह चिंता का विषय है इसमें सुधार होना जरूरी है। आधुनिकता को अपनाना होगा तभी आगे बढ़ पाएंगे। शिक्षा को अपनाएं, कुरीति को छोड़े तभी आगे बढ़ पाएंगे।

■ मंच में पूर्व सीएम भूपेश बघेल, विधायक रोहित साहू, चंदूलाल साहू,अमितेश शुक्ल,संतोष उपाध्याय थे मौजूद

### बेटियों की शिक्षा पर दें जोर





### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, डॉ रामकुमार साहू, विकास तिवारी, शैलेंद्र साहू, भावसिंह साहू, मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, राजिम परगना के अध्यक्ष रामूराम तारक, महासभा के अध्यक्ष सुरेश धीवर, प्रदेश महासचिव रामलाल पेंदरिया, कोषाध्यक्ष पवन धीवर, जिला पंचायत सदस्य अन्नु तारक, जनपद सदस्य चित्ररेखा-दीपक तारक, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जगन्नाथ सरपार, कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष बसंत निषाद, युवा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष पुरूषोत्तम धीवर, प्रदेश सहसचिव खेलन तारक मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10 बजे भगवान श्रीराम दरबार की पूजा अर्चना दीप प्रज्जवलन से हुआ।



### योजनाओं का लाभ सभी को मिले

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राजिम विधायक रोहित साहू ने कहा कि भगवान श्री राजीव लोचन के पावन भूमि में धीवर समाज का यह कार्यक्रम हो रहा है जो हम सबको गौरवान्वित करने वाला है। कहा कि छत्तीसगढ़ की विकास की बात होनी चाहिए। सरकार विकास के लिए योजनाएं बनाती है। इन योजनाओं का लाभ सभी को मिलना चाहिए। विधायक श्री साहू ने कहा कि समाज से बड़ा कोई नहीं होता। समाज के साथ मिलजुल कर काम करे। आपने किसान के बेटा को विधायक बनाया है। किसान का बेटा ही किसान की पीड़ा को समझ सकता है। विधायक श्री साहू ने क्षेत्र के लोगों से कहा कि वे निश्चिंत रहे किसी भी प्रकार से कोई गलत काम चाहे वह रेत का अवैध उत्खनन हो, सट्टा जुआं हो या शराब, गांजा हो नहीं होने दिया जाएगा। हमने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि कठोर से कठोर कार्रवाई हो। सुशासन लाने का काम हमारी सरकार और हमलोग कर रहे है। इस अवसर पर राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू ने कहा कि आज का यह मंच राजनीतिक समरसता का प्रतीक है। समाज के आमंत्रण पर हम लोग यहां मौजूद है। कहा कि कोई भी समाज छोटा-बड़ा नहीं होता। सोच बड़ी होनी चाहिए। जो समाज शिक्षित हो उसे आगे बढ़ने से काई रोक नहीं सकता। समाज का कैसे विकास होगा इस पर चिंता करे। पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय ने कहा कि अपने कार्यकाल में उन्होने धीवर समाज और अन्य समाजो के लिए अच्छा काम किया है। सभी समाज के लिए भवन और राशि स्वीकृत की गई। पूर्व विधायक अमितेश शुक्ल ने कहा कि हम सब एक परिवार की तरह रहते है। ऐसा प्रेम और स्नेह हमेशा बनाए रखिए।

# समय पर 108 नहीं पहुंची, मनोज ने घायल को पहुंचाया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

जिले के आदिवासी वनांचल छुरा क्षेत्र के मड़ेली और पीपरछेड़ी गांव के बीच एक सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को समय पर उपचार दिलाने में समाजसेवी मनोज पटेल ने इंसानियत की मिसाल पेश की।घटना के अनुसार, बाइक सवार एक युवक की दुर्घटना हो गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। और इस बीच ग्राम पीपरछेड़ी निवासी राकेश ध्रुव ने तत्काल 108 एंबुलेंस सेवा को कई बार कॉल किया, लेकिन किसी कारणवश संपर्क नहीं हो पाया।ऐसे संकट की घड़ी में उन्होंने समाजसेवी मनोज पटेल से संपर्क किया। मनोज पटेल ने बिना किसी विलंब के अपनी निजी गाड़ी से घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, छुरा पहुंचाया, जिससे समय रहते उसका उपचार संभव हो सका।मनोज पटेल न केवल व्यक्तिगत स्तर पर समाजसेवा कर रहे हैं, बल्कि उन्होंने छत्तीसगढ़ शाकंभरी सेवा संस्थान एक संस्था भी स्थापित की है, जो जरूरतमंदों की सेवा में समर्पित है। उनका कहना है, अगर शासन और प्रशासन से सहयोग मिले, तो हम अपनी सेवाओं का दायरा और भी बढ़ा सकते हैं। इस घटना से एक ओर जहां 108 आपातकालीन सेवा की बदहाल स्थिति उजागर होती है, वहीं समाजसेवी मनोज पटेल जैसे लोगों की प्रतिबद्धता और संवेदनशीलता को भी रेखांकित करती है। उनकी त्वरित प्रतिक्रिया और जनसेवा की भावना के कारण एक जान समय पर बचाई जा सकी। जिले के कलेक्टर से अपेक्षा करते है कि ऐसे समाजसेवियों को शासन-प्रशासन की ओर से आवश्यक संसाधन एवं प्रोत्साहन मिले, ताकि वे भविष्य में भी जरूरतमंदों की सहायता कर सकें।





## सरपंच-उपसरपंच ने की नाली की सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

ग्राम छुईया में बजरंग चौक वार्ड नंबर 05 में अंडर ग्राउंड पाइप लाइन चेम्बर नाली सफाई कार्य सरपंच उपसरपंच विद्या गजेश्वर सिन्हा द्वारा किया गया। जिसमें नलजल योजना के व्यक्तियों एवं पंचायत चपरासी रघुनंदन सिन्हा शामिल हुए। गजेश्वर सिन्हा ने बताया कि मोदी जी की प्रेरणा से स्वच्छता अभियान की सीख मिली है जिसके तहत सफाई कार्य में लगकर स्वच्छता अभियान को मजबूत कर लोगों को संदेश दे रहे हैं। घर का काम हो या फिर जनता का काम मिलकर करना चाहिए। ऐसी सोच रखकर पंचायत प्रतिनिधि अपने ग्राम का काम करने लगे तो निश्चित ही फिंगेश्वर विकासखंड की ग्राम पंचायतों की गिनती अन्य विषयों को समेटकर आदर्श ग्राम पंचायत के रूप में जानी जाएगी।

# जिला पंचायत अध्यक्ष कश्यप ने चौथी बार मानदेय गायत्री शक्तिपीठ को किया दान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जनप्रतिनिधि का असली धर्म क्या होता है, इसकी जीवंत मिसाल फिर एक बार पेश किया। गरियाबंद जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप ने पदभार संभालने के बाद से ही वे अपने कर्तव्यों से कहीं आगे बढ़कर समाजसेवा की नई परिभाषा गढ़ रहे हैं अपने पहले ही माह के मानदेय को देवभोग के शिशु मंदिर को समर्पित किया, दूसरे माह का मानदेय सरस्वती शिशु मंदिर उरमाल को, तीसरे माह का ब्रह्माकुमारी ओम शांति संस्थान को और अब चौथे माह का मानदेय गायत्री शक्ति पीठ फुलकर्रा को दान देकर उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया कि उनके लिए जनसेवा केवल दायित्व नहीं, बल्कि तपस्या है। जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप की यह पहल न केवल प्रेरणादायी है, बल्कि यह समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करती है उन्होंने यह दिखा दिया कि जब नेतृत्व करुणा,



सेवा और परोपकार की भावना से ओतप्रोत होता है, तो समाज में विश्वास और उम्मीद की लौ प्रज्ज्वलित होती है स्थानीय लोगों और समाजसेवियों ने उनकी इस पहल की भरपूर सराहना की है। गायत्री शक्ति पीठ से जुड़े प्रतिनिधियों ने मानदेय का यह योगदान पाकर तज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे जनप्रतिनिधियों के कारण समाज में मूल्यों और नैतिकता की जड़ें और मजबूत होती हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा की मेरा मानदेय केवल एक राशि नहीं, वह जनता की सेवा का माध्यम है जब यह राशि बच्चों की शिक्षा, आत्मिक उन्नति और सामाजिक उत्थान में लगेगी, तभी इसका सही उपयोग होगा।"आज जब समाज में नेताओं पर सवाल उठते हैं, ऐसे में गौरीशंकर कश्यप जैसे जनसेवक उम्मीद की किरण बनकर उभरते हैं उनका यह सेवा पथ न केवल गरियाबंद जिले के लिए, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के लिए प्रेरणास्त्रेत बन चुका है।

# योग दिवस मनाने के संबंध में हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

जनपद पंचायत छुरा में 11वे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थींम योगा संगम एवं हरित योग निर्धारित है, जिसके अंतर्गत योग प्रथाओं के साथ-साथ पर्यावरण स्थिरता को बढ़ावा देना, स्वच्छता अभियान का क्रियान्वयन एवं युवा वर्ग को योग के प्रति जागरूक करते हुए सम्मिलित करना है। यह जानकारी देते हुए मुख्य कार्य पालन अधिकारी सतीश चंद्रवंशी के द्वारा बैठक लिया गया। जिसमें मुख्यालय का अंतराष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम नगर के आदर्श पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में होगी, जिसमें प्रशिक्षक के रूप में योगाचार्य मिथलेश सिन्हा, योगविद अर्जुन धनंजय सिन्हा, संतराम कंवर, शंकर यदु प्रमुख रूप से रहेंगे। बैठक में प्रमुख रूप से धीरेंद्र साहू रेंजर, चंदूलाल साहू महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी, रोमन ठाकुर कृषि विभाग, सुनील साहू उद्यान अधीक्षक, विकास ध्रुव सिंचाई विभाग ,कयाराम यादव करारोपण अधिकारी, रामाधार यादव सहा राज निरीक्षक, जितेंद्र पाटकर लेखापाल, शीतल ध्रुव समाजसेवी, विकास जी आदि उपस्थित थे।



# भाटापारा स्कूल में मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

शासकीय प्राथमिक शाला भाटापारा परसदा कला में शाला प्रवेश उत्सव हर्षोंउल्लास के साथ मनाया गया। बच्चों का तिलक लगाकर एवं मुंह मीठा कराकर शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। जिसमे सरपंच गणेश साहू, शाला प्रबंधन समिति के खिलेश साहू, मिथलेश साहू, रेवाराम देवांगन एवं पालक सदस्य प्रधान पाठक राकेश कुमार पांडेय, मेनका ध्रुव, धनसाय पटेल की उपस्थिति में मां शारदे की प्रतिमा की पूजा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर मुंह मीठाकर उन नवप्रवेशी बच्चों का अभिनंदन किया गया। इसके बाद सभी बच्चों को गणवेश का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक राकेश कुमार पांडेय ने कहा कि नया शिक्षा सत्र 16 जून से प्रारंभ हो गया है। सभी बच्चे नियमित स्कूल आए और स्कूल की सभी गतिविधियों का लाभ ले, खेल खेल में शिक्षा, मध्यान्ह भोजन और अन्य प्रतियोगी परीक्षा का अध्यापन कराया जाता है।





### स्कूल चले हम

**मैनपुर।** 16 जून से नया शिक्षा सत्र प्रारंभ होते ही मैनपुर ग्रामीण वनांचल क्षेत्र के ग्रामों में इस तरह की तस्वीर आसानी से देखा जा सकता है पालक अपने बच्चों को कंधे पर बिठाकर शिक्षा दिलाने के लिए स्कूल तक पहुंचा रहे है।

**अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी में जुटा पतंजलि परिवार**

# हर व्यक्ति रोज की आदत में शुमार करें योग : यशवंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

योग साधकों के सबसे बड़े उत्सव अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी के लिए पतंजलि परिवार के सभी संगठनों का बैठक मानस मंदिर प्रांगण छुरा में रखा गया। योग भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है। आज समूचा विश्व भारतीय परंपरा एवं संस्कृति को अंगीकार कर रहा है। भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं पतंजलि योगपीठ के संस्थापक विश्व योग गुरु स्वामी रामदेव, आचार्य बालकृष्णन के अथक परिश्रम से 21 जून 2015 को संयुक्त राष्ट्र संघ के 195 देश में से 192 देशों ने योग को स्वीकार किया। 21 जून 2015 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुरुआत हुई। 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को हर्षोल्लास के साथ सफल बनाने के लिए भारत स्वाभिमान न्यास संरक्षक यशवंत यादव की अध्यक्षता में मैराथन बैठक संपन्न हुआ। यशवंत यादव ने कहा की गरियाबंद जिले के प्रत्येक विकासखंड के हरेक गांव में योग को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पतंजलि योग समिति वर्षों से प्रयासरत है। पांच दिवसीय निःशुल्क योग शिविरों के माध्यम से हर व्यक्ति को निरोगी रहने की कला सिखाई जा रही है। योग सतत चलने वाली क्रिया है। यादव ने जनमानस से आग्रह किया कि हर व्यक्ति योग दिवस पर योग करें एवं 11 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाए। पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी अर्जुन धनंजय सिन्हा ने कहा कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम तथा सिग्नेचर इवेंट्स के रूप में योग संगम एवं हरित योग पर आयोजित किया जाएगा। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरे जिले में पतंजलि परिवार के योगी भाई, बहन ही प्रोटोकॉल अनुरूप योगाभ्यास संपादित करेंगे। जिला मुख्यालय, सभी विकासखंड मुख्यालय, प्रत्येक ग्राम पंचायत, सभी शासकीय, अशासकीय संगठनों एवं सभी सार्वजनिक जगहों पर योग कराने के लिए पतंजलि परिवार के योग साधकों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। विश्व योग दिवस को सफल बनाने के लिए समाज कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, जिला पंचायत, पुलिस विभाग, जिला जेल, जनपद पंचायत, महिला एवं बाल विकास विभाग, कृषि विभाग, चिकित्सालय, आयुर्वेद ग्रामों आदि के अधिकारी-कर्मचारियों से चर्चा की गई है। सभी को योगाभ्यास के लिए आमंत्रित किया गया है। सिन्हा ने आगे कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम ही नहीं वरन संपूर्ण जीवन शैली है। यह सुखद संयोग है कि योग विषय को यूजीसी नेट परीक्षा में शामिल किया गया है एवं नेट के योग विभाग की परीक्षा 21 जून को ही रखा गया है। उन्होंने आग्रह किया कि हर नागरिक, योग को अपनाए एवं स्वस्थ, निरोगी काया पाए।

### मानवता के लिए योग सबसे बड़ा उपहार



भारत स्वाभिमान न्यास जिला प्रभारी संतराम कंवर ने कहा कि संपूर्ण विश्व की मानवता के लिए योग, भारत का दिया सबसे बड़ा उपहार है। हमें समन्वित प्रयास से योग दिवस को सफल बनाना होगा। लोगों को योग की शक्ति को समझना होगा। बैठक में महत्वपूर्ण रूप से भारत स्वाभिमान न्यास जिला संरक्षक यशवंत यादव, जिला प्रभारी संतराम कंवर, पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी अर्जुन धनंजय सिन्हा, पतंजलि युवा भारत जिला प्रभारी मिथलेश सिन्हा, सह जिला प्रभारी ईश्वर यदु, जिला योग प्रचारक गणेश आजाद, पंडित यज्ञेश प्रसाद पांडेय, हरीश नेताम, शीतल ध्रुव, हीरालाल साहू, डिगेश्वर सिन्हा, संतोष निषाद, कृष्णेश यदु उपस्थित हुए। पतंजलि युवा भारत सह राज्य प्रभारी भानु प्रताप साहू, महिला पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी मिलेश्वरी साहू, बिन्दु सिन्हा, टोपेश्वरी सिन्हा, शंकर लाल यदु, युगल किशोर साहू, हेमलाल पटेल, भोज पटेल, कीर्ति तारक, देवनारायण यदु, तीरथ, नितेश, भागवत साहू ऑनलाइन मोड के माध्यम से बैठक में जुड़े रहे।

